।। कार्यालय पुलिस उपायुक्त, जोधपुर पूर्व ।।

।। प्रेस नोट ।।

दिनांक 18.05.2023

- **उप निरीक्षक पुलिस श्री भंवरसिंह ने माउण्ट लोबुचे पीक 6119 मीटर पर सफल चढाई कर फहराया तिरंगा व राजस्थान पुलिस का फ्लेग**
- **राजस्थान पुलिस के प्रथम व्यक्ति जिन्होने 6000 मीटर से अधिक ऊँचाई पर क्लाईम्बिंग कर किया सफल पर्वतारोहण**
- **जोधपुर पुलिस के साथ राजस्थान पुलिस का किया नाम रोशन**
- **श्री भवंरसिंह का अगला लक्ष्य है माउण्ट एवरेस्ट को फतह करना**

श्रीमान् महानिदेशक पुलिस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्ड कोर एवं खेलकूद, पुलिस आयुक्त, जोधपुर के निकटतम मार्गदर्शन एवं सुपरविजन में पुलिस थाना रातानाडा, जोधपुर पुर्व में कार्यरत श्री भंवरसिंह, उपनिरीक्षक पुलिस द्वारा नेपाल के हिमालय पर्वत श्रंखला में स्थित माउण्ट लोबुचे पीक 6119 मीटर पर प्रथम प्रयास में सफल कलाईम्बिंग कर चोटी फतह कर राश्ट्रीय ध्वज तिरंगा व राजस्थान पुलिस का फ्लेग लहराया। माउण्ट लाबुचे पीक जो कि टेक्निकल व चेलेजिंग माउण्टेन की श्रेणी में आता है, जिसको सफल आइस क्लाईम्बिंग व हाइकिंग करते हुए सफलता अर्जित की। श्री भंवरसिंह उपनिरीक्षक पुलिस राजस्थान पुलिस के प्रथम व्यक्ति हैं जिन्होने 6000 मीटर से उपर के टेक्निकल माउण्टेन पर सफलता पुर्वक कलाईम्बिग कर पर्वतारोहण किया हैं। उप निरीक्षक पुलिस श्री भवंरसिंह का अगला लक्ष्य माउण्ट एवरेस्ट व विश्व के अन्य टॉप माउण्टेन पर पर्वतारोहण करना हैं। जिसकी तैयारी वह अपनी ड्युटी के साथ–साथ कर रहे हैं।

पुलिस उपायुक्त
जोधपुर पूर्व